# राष्ट्रीय इनक्यूबेटर पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, **रायपुर की इनोवेशन और उद्यमिता फाउंडेशन (FIE)** को 13 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली के NDMC कन्वेंशन सेंटर में आयोजित चौथे भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन में **राष्ट्रीय इनक्यूबेटर पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा।

## मुख्य बिंदु

- **स्थापना:**
  - **NIT रायपुर-FIE** की स्थापना मार्च 2021 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के **नवाचारों के विकास एवं उपयोग के लिये राष्ट्रीय पहल (NIDHI)** कार्यक्रम के तहत एक गैर-लाभकारी प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर के रूप में की गई थी।
- **पुरस्कार का कारण:**
  - यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ में 35 से अधिक स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन देने और प्रभावी तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये दिया जा रहा है।
  - **स्टार्टअप्स में गवर्नेंस**, **मेडिकल डिवाइस**, **एनालिटिक्स**, **डीप-टेक**, **क्लीन टेक** और **ICT** शामिल हैं।
- **आयोजक:**
  - शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्यमी संघ (EAI) और सरकार द्वारा वित्तपोषित, **अंतर्राष्ट्रीय** स्तर पर मान्यता प्राप्त इनक्यूबेशन केंद्र, **एंटरप्राइजिंग ज़ोन (EZ)** द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- **महत्त्व:**
  - छत्तीसगढ़ में युवाओं को मार्गदर्शन देकर भारत के **स्टार्टअप इकोसिस्टम** को सुदृढ़ करना।
  - छत्तीसगढ़ को **नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित** करने में सहायता।
  - उद्यमिता को बढ़ावा देने और तकनीकी आधारित आर्थिक विकास में योगदान।

## नवाचारों के विकास एवं उपयोग के लिये राष्ट्रीय पहल (NIDHI)

- **परिचय:**
  - यह एक अभूतपूर्व पहल है जिसे नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप का समर्थन करने और भारत में एक संपन्न उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिये अभिकल्पित किया गया है।
  - इसमें विभिन्न घटक शामिल हैं जो **देश भर में नवाचार-संचालित उद्यमों को बढ़ावा देने** तथा उनमें तेज़ी लाने के लिये एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करते हैं
- **निधि कार्यक्रम के घटक:**
  - **निधि-प्रयास (युवा और महत्त्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना और उनमें तेज़ी लाना):**
    - यह नवीन विचारों को मूर्त प्रोटोटाइप में परिवर्तित करने पर केंद्रित है।
    - यह **प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट** स्तर पर सलाह और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
  - **निधि उद्यमी-इन-रेज़िडेंस (EIR) कार्यक्रम:**
    - यह उद्यमिता अपनाने वाले छात्रों को फेलोशिप/छात्रवृत्ति प्रदान करता है।
    - इसका उद्देश्य **युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित** करना है।
- **प्रमुख अभिकर्त्ता और सहयोगी:**
- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR):
  - NIDHI **अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधाओं** को आकार देने और विकसित करने के लिये CSIR के साथ मिलकर सहयोग करती है।
  - यह उन्नत इनक्यूबेशन सुविधाओं की संकल्पना और विकास में सक्रिय भूमिका निभाती है।
  - प्रौद्योगिकी और उत्पादों का समर्थन करना जिससे समाज, उद्योग और देश को लाभ होता है।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY):**
  - टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ एंटरप्रेन्योर्स (TIDE 2.0) योजना में MeitY के साथ NIDHI की साझेदारी तकनीक-संचालित स्टार्टअप को सशक्त बनाती है।

- साथ में वे प्रौद्योगिकी-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Science and Technology- DST) की स्थापना **3 मई, 1971** को नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF), USA के मॉडल पर की गई थी।
- यह **यह वित्तपोषण तथा नीतिगत सहयोग प्रदान करता** है तथा अन्य देशों के साथ वैज्ञानिक कार्यों का समन्वय करता है।
- यह वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों को सशक्त बनाता है तथा स्कूल कॉलेज, पी.एच.डी., पोस्टडॉक छात्रों, युवा वैज्ञानिकों, **स्टार्टअप** एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों से जुड़े हितधारकों के साथ एक उच्च वितरित प्रणाली के तहत भी काम करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-incubator-award